# **प्रेस नोट**

**पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 15.10.2025 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः**

- थाना रूरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 322/2025 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित अभियुक्तगण 1. सकील पुत्र गुलाम हुसैन निवासी कस्वा व थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात, 2. युनुस पुत्र कल्लू शाह निवासी तिगाई थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 171/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट से संबंधित अभियुक्त संजय वर्मा पुत्र सूरज प्रसाद वर्मा निवासी जयतीपुर रोड थाना घाटमपुर कानपुर नगर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 432/2025 धारा 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र गंगूबाज निवासी ग्राम तरौली, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात, उम्र लगभग 19 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी
- थाना मूसानगर पुलिस द्वारा अभियुक्त जीतू सिंह पुत्र श्री भारत सिंह निवासी ग्राम सरौठा प्रथम थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 28 वर्ष द्वारा सार्वजनिक स्थान राधाकृष्ण मन्दिर के पास ग्राम सरौठा प्रथम सडक किनारे खडे होकर आने जाने वाली महिलाओ/लडकियो को देखकर अश्लील गाना गाने व फब्तियाँ कसने जिससे महिलाओ/लडकियों को शर्मिंदगी महसूस होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 96/25 धारा 296 (B) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 20 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना मूसानगर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना सट्टी पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना देवराहट पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों, थाना डेरापुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों,थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना शिवली पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया ।